हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 जून 2024

04 रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से 200 करोड़ लीटर...



07 एक सप्ताह में छह बार 17 घंटे बिजली बंद कर किया...





## खबर संक्षेप में

### पीजी के रजिस्ट्रेशन बंद, 29 को लिस्ट

**सीहोर।** कॉलेजों में पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन बंद हो गए हैं, जबकि लिस्ट 29 जून को आएगी। सीहोर के पीजी कॉलेज सहित जिलेभर में अब भी 60 से 70 फीसदी सीटें खाली रह गई हैं। एमएससी के 15 से ज्यादा और एमए के 24 स्पेशलाइजेशन कोर्स में एडमिशन के लिए प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा एमकॉम, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगिक साइंस जैसे कोर्स भी हैं। चंद्रशेखर आजाद शास. स्नातकोत्तर कॉलेज सहित जिले के सरकारी और निजी कॉलेजों में एडमिशन के लिए प्रक्रिया चल रही है।

### सीबीएसई ने निकाली भर्ती, आवेदन मांगे

**सीहोर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मीडिया रिलेशंस, विजिलेंस, एकेडमिक्स, स्किल एजुकेशन और अन्य पदों सहित कुल 29 डेपुटेशन आधारित पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित उम्मीदवार तीन साल के कार्यकाल के लिए दिल्ली सहित सीबीएसई के ऑफिसों में नियुक्त किए जाएंगे। सेलेक्टेड कैंडिडेट्स का टेन्योर उनके प्रदर्शन और नियमों के मुताबिक अधिकतम 5 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### शुद्ध पानी मिलने के लिए फिल्टर प्लांट की सफाई

**सीहोर।** मानसून की दस्तक के साथ ही शहर को जल की आपूर्ति करने वाले जलाशयों में पानी जमा हो गया है। लोगों को मटमैला पानी सप्लाई नहीं हो और लंबे समय से सेटलमेंट टैंक और फ्लाकुलेटर टैंक, फिल्टर प्लांट की सफाई नहीं हुई है। इसको ध्यान में रखते हुए आगामी दो दिन पानी की सप्लाई बाधित होगी। इस संबंध में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने क्षेत्रवासियों को शुद्ध जल की सप्लाई हो इसके लिए निर्देश दिए है। वहीं नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि लोगों को शुद्ध पानी मिले इसके लिए नगर पालिका द्वारा फिल्टर प्लांट की सफाई करवा रही है। फिल्टर प्लांट की सफाई होने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो सकेगी। इसके तहत सेटलमेंट टैंक, फ्लाकुलेटर टैंक की सफाई होगी।

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**सीहोर।** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है। वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात सामने आई है। ऐसे में पेंशनर के खाते की राशि फर्जी खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। पेंशनरों को हमेशा सावधानी बरतने की जरुरत है।

### कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने की जनुसनवाई , 120 आवेदन प्राप्त हुए

# ‘दिव्यांगता के कारण आने-जाने में करना पड़ता है दिक्कतों का सामना’





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की गई। जिसमे 120 आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया। कलेक्टर ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही अधिकारियों से निराकरण करवाए तथा शेष आवेदन के निराकरण की समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को सौंपे गए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

आवेदक नारायण लौधा निवासी धरोला ने दिव्यांग होने पर ट्रायसिकल प्रदान करवाने के लिए आवेदन देकर बताया कि दिव्यांगता के कारण एक-दूसरे स्थान पर आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण ट्रायसिकल क्रय नहीं की जा सकती, शासन की योजना के तहत ट्रायसिकल प्रदान करवाई जाए। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को आवेदन निराकरण करने के निर्देश दिए।

आवेदक कैलाश दांगी निवासी ग्राम बराई ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने के लिए आवेदन देकर बताया कि पिताजी का स्वर्गवास होने के पश्चात पैतृक जमीन का नामांतरण उसके नाम से हो गया हैं, किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कई बार आवेदन देने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, लाभ दिलवाया जाए। कलेक्टर ने तहसीलदार सुसनेर को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

आवेदक रामचन्द्र निवासी फतेहगढ़ ने आवेदन देकर बताया कि उसकी कृषि भूमि पर आने-जाने के एक मात्र शासकीय रास्ते पर पड़ोसी कृषक द्वारा अवैध कब्जा कर हंकाई-जुताई कर ली है, कृषि भूमि पर जाने का और कोई अन्य रास्ता नहीं होने पर काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा पड़ोसी कृषक से रास्ता मांगने पर लड़ाई-झगडा किया जा रहा है। शासकीय रास्ता खुलवाया जाए। कलेक्टर ने तहसीलदार बड़ौद को मौका मुआयना कर कृषक की रास्ता संबंधी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

आवेदक कन्हैयालाल निवासी ग्राम बापचा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बकाया किश्तों का भुगतान करवाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि पीएम सम्मान निधि योजना में अब तक उसे 15 किश्त मिली है, जबकि अन्य कृषकों को 17 किश्त मिल चुकी है, बकाया 2 किश्तों का भुगतान करवाया जाए। कलेक्टर ने अधीक्षक भू-अभिलेख को आवेदन निराकरण के निर्देश दिए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीसा बंदियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



भाजपा द्वारा 25 जून को भारत के लोकतंत्र में आपातकाल काला दिवस के रूप में मनाया जाता है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा इस दिन विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। 25 जून को देश में आपातकाल लगाया गया था। जिसमें तात्कालिक कांग्रेस सरकार की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। इस दिन को भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र का काला दिवस के रूप में मनाती है।

मंगलवार को इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मीसाबंदी व उनके परिजनों का सम्मान किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मीसाबंदी जगदीश गिर एवं मीसाबंदी स्व वेदप्रकाश नागर की पत्नी शकुंतला नागर का भाजपा मंडल महामंत्री द्वय बीरम मालवीय व रितेश सोनी,भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मोहनलाल नागर, जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अर्चना नागर व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान कर पुष्प हार से स्वागत किया।

### आगर-मालवा जिले को 17 करोड़ का लक्ष्य आवंटित

## ‘एआईएफ योजना का लाभ प्राप्त करें, 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजनान्तर्गत आगर मालवा जिले को 17 करोड़ का लक्ष्य आवंटित है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा एआईएफ योजनान्तर्गत जिले को प्राप्त लक्ष्य विभागों के मध्य आवंटित किया गया है। कलेक्टर द्वारा ग्रामीण विकास विभाग को 2 करोड़, उद्यानिकी विभाग को 3 करोड़, कृषि अभियांत्रिकी को 3 करोड़, उद्योग विभाग को 2 करोड़, नाबार्ड को 3 करोड़, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक को 2 करोड़ एवं कृषि उपज मंडी को 2 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजनान्तर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों के चयन करवाकर लाभान्वित करवाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में फसलों के कटाई उपरांत बेहतर प्रबंधन के लिए आधारभूत बुनियादी संरचनाओं के विकास तथा सामुदायिक कृषि पर आधारित संपत्ति में निवेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ़) योजना संचालित है। एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना अंतर्गत हितग्राही को 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा भारत सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपये तक बैंक लोन पर परियोजना को कोलेटरल गारंटी प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत 2 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं भी बैंकों द्वारा स्वीकृत की जा सकेंगी परंतु ब्याज अनुदान एवं गारंटी अधिकतम 2 करोड़ रुपये तक सीमित होगी।

योजना अंतर्गत पात्र गतिविधियों के अंतर्गत कम्यूनिटी ड्राईंग यार्ड, मॉडर्न सायलो, प्राइमरी प्रोसेसिंग, एसेयिंग यूनिट, सोर्टिंग एंड ग्रेडिंग यूनिट, राइपिनिंग चेंबर, वेक्सिंग प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, इंटीग्रेटेड पैक हाउस, स्मार्ट एग्रीकल्चर ड्रोन का उपयोग, आधुनिक कृषि उपकरण, रेफ्रिजिरेटेड ट्रांसपोर्टेशन आदि शामिल हैं। सामुदायिक कृषि आधारित संपत्ति में निवेश के तहत ओर्गेनिक इनपुट प्रॉडक्शन यूनिट, बायो स्टिमुलेंट यूनिट, सप्लाई चैन का आधुनिकरण परियोजनाएं, कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना, स्टैंड एलोन सोलर पंपिंग सिस्टम, और सोलराइजेशन ऑफ ग्रिड कनेक्टेड कृषि पम्प सेट तथा कम्प्रेस्ड बायो गैस यूनिट, आटा मिल, दाल मिल, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट आदि शामिल है।

### बैंककर्मी ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड का कारण अज्ञात कोतवाली पुलिस कर रही जांच

**सीहोर।** कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत सेकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित भारती नगर में एक बैंककर्मी ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार भारती नगर निवासी 25 वर्षीय बैंककर्मी अनिल जांगड़े पिता कन्हैयालाल जांगड़े ने सोमवार सुबह अपने ही घर के किचन में दुप्पटे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की शादी हो चुकी थी। उसके दो बच्चे भी हैं। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

## उमस के बाद आधा घंटे हुई हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मंगलवार को प्रातःकाल से ही तेज उमस का एहसास हो रहा था। जिसके चलते आमजन पसीना पसीना हो रहे थे। इस उमस के बाद दोपहर में लगभग आधा घंटा हल्की वर्षा हुई। मंगलवार को दोपहर 4 बजे वर्षा प्रारंभ हुई। शुरुआत में तेज वर्षा हुई लेकिन कुछ समय बाद यह हल्की वर्षा में तब्दील हो गई। इस वर्षा से नागरिकों को उमस से कुछ राहत मिलती दिखाई दी लेकिन अभी भी किसानों के खेतों में खरीफ फसल की बोवनी लायक वर्षा नही हुई है। बोवनी के लिए किसानों को और इंतजार करना पड़ सकता है।



## निर्वाचन कर्मचारियों को नियमित करने की मांग का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा


मंगलवार को नलखेड़ा, सुसनेर तहसील सहित जिले के निर्वाचन कार्य में कार्यरत कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन भेंट किया गया। जिसमें इन कर्मचारियों ने उन्हें नियमित कर्मचारी के रूप में नियुक्ति प्रदान किए जाने की मांग की गई। इस दौरान राजेंद्र सिंह राजपूत प्रोगामर सुसनेर,मनोहर सेन तहसील नलखेड़ा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर में गंदा, मटमैला और बदबूदार जल प्रदाय किया जा रहा, नागरिक परेशान

# दो-दो फिल्टर प्लांट होने के बावजूद स्वच्छ जल प्रदाय करने में नाकाम नप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





किसी भी स्थानीय निकाय का यह कर्तव्य होता है कि वह अपने नागरिकों को सफाई, नाली व स्वच्छ जल प्रदाय करे। इसके लिए शासन भी संबंधित निकायों को अनुदान प्रदान करते हैं। लेकिन सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद भी यदि कोई निकाय अपने नागरिकों को स्वच्छता के साथ ही साफ, स्वच्छ जल प्रदाय नहीं कर पाती है तो ये उस निकाय की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।

मामला नगर में लगातार गंदा, मटमैला व बदबूदार जल प्रदाय का है। नगर परिषद के पास दो-दो फिल्टर प्लांट हैं जिसके माध्यम से पानी को फिल्टर कर साफ व पीने योग्य जल प्रदाय नगर में किया जा सकता है। लेकिन नगर में विगत कई माह से गंदा, मटमैला व बदबूदार जल प्रदाय किया जा रहा है। जिसके समय समय पर जिम्मेदार अलग अलग कारण बताते रहते हैं। वर्तमान में नगर परिषद द्वारा नगर में जो जल प्रदाय किया जा रहा है वह इतना अधिक गंदा, मटमैला व बदबूदार है कि कई नागरिक उसे नहाने में भी उपयोग में नहीं लेते हैं। पीने में उपयोग में लेने की तो बहुत दूर की बात है।

नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें करने व सोशल मीडिया पर पानी के फोटो सहित अपनी प्रतिक्रिया डालने से नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा पानी में ब्लीचिंग की मात्रा बढ़ा दी गई, जिसके कारण पानी से ब्लीचिंग की इतनी अधिक बदबू उठने लगी है कि वह सभी दूर फैलने लगी है। मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 13 में किए गए जल प्रदाय की स्थिति यही थी। जिसे किसी भी बर्तन में भरने पर जहां उसमें झाग उठ रहे थे। वहीं उसमें से उठ रही ब्लीचिंग की बदबू फैल रही थी। इतना ब्लीचिंग पाउडर डालने के बाद भी पानी वही गंदा, मटमैला और बदबूदार था। गौरतलब हो कि पानी को साफ करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जाता है लेकिन एक तय सीमा में होता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक हजार लीटर पानी साफ करने के लिए मात्र 4 ग्राम ब्लीचिंग पावडर डाला जाता है।

#### फैल सकती है महामारी

नगर परिषद द्वारा प्रदाय किए जा रहे मटमैले पानी का उपयोग अधिकांश नागरिक पीने में तो नहीं कर रहे हैं लेकिन इसका उपयोग नहाने, कपड़े धोने, कूलर में डालने जैसे कार्यों में जरूर कर रहे हैं। ऐसे में लगातार इस प्रकार के कीटाणुयुक्त पानी के उपयोग से नागरिकों में महामारी फैलने की आशंका है। वैसे भी चिकित्सक बीमारियों से बचने के लिए साफ व स्वच्छ पानी के उपयोग की सलाह देते हैं। जिसमें कूलर जैसे उपकरणों में तो पीने योग्य पानी के उपयोग की सलाह दी जाती है।

#### इनका कहना है...

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। संबंधित जल विभाग के कर्मचारी से बात कर मामले की वास्तविकता का पता लगाकर नागरिकों को साफ व स्वच्छ जल प्रदाय किया जाएगा।

**पवन फूलफकीर,** प्रभारी सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा

## पुलिस ने नशा मुक्ति के लिए चलाया अभियान




**नलखेड़ा।** स्थानीय पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरण अभियान चलाया गया। सोमवार सायं स्थानीय पुलिस थाने पर पदस्थ अधिकारी व पुलिस बल द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पीलवास चौराहा, सरदार पटेल चौराहे पर नागरिकों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा लोगों से प्रेमपूर्वक चर्चा करते हुए नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में समझाया गया। दोनों चौराहों पर लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प भी दिलवाया गया।

## खबर संक्षेप

### सांसद ने संसद में बढ़ाया संस्कृत का मान



**देवास।** संस्कृत भाषा को विश्व की सभी भाषाओं की जननी माना जाता है। यह वैदिक धर्म के सभी धर्मग्रंथों की भाषा है। भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में भी संस्कृत को शामिल किया गया है। देश की 18 वी लोकसभा में देवास शाजापुर क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने संस्कृत में शपथ लेकर इसका मान बढ़ाया। सांसद सोलंकी ने मंगलवार को देश की संसद में कार्यकारी अध्यक्ष भृतुहरि मेहताब के समक्ष संस्कृत भाषा में सांसद पद की दुसरी बार शपथ लेकर संस्कृत का मान बढ़ाया। जिस समय सांसद संसद में शपथ ले रहे थे, उस समय उनके देवास सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर मिठाइयां बांटी गई।

### भंडारे के साथ महायज्ञ की पूर्णाहूति आज

**देवास।** 20 जून से प्रारंभ हुए माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का समापन महायज्ञ की पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। यज्ञ समिति के अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि आज 26 जून को पं. सुभाष शर्मा रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में अभिजीत मुहूर्त में चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर परिक्रमा मार्ग पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवार व भक्त मंडल व जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### कलेक्टर गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

# रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से 200 करोड़ लीटर पानी बचाने का लक्ष्य तयः कलेक्टर

**जिले में वन विभाग द्वारा 17 लाख पौधे लगाये जायेंगे, देवास में माताजी टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास जिले में चलाए जा रहे क्षिप्रा शुद्धिकरण, जल संरक्षण, अमृत संचय (रुफ रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग), सीड बॉल/पौधरोपण अभियान में किये जा रहे और किये जाने वाले कार्यो की पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में क्षिप्रा शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है। सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा में शुद्ध पानी मिले, इसलिए अभियान चलाकर शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है। नालों का गंदा पानी क्षिप्रा में नहीं मिले इसलिए स्टॉप डेम बनाये जा रहे है। गांव-गांव लीज पीट सिस्टम बनाया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि नालों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के लिए की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण हटाकर नालों के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधरोपण कार्य किया जा रहा है। नालों के आसपास शासकीय भूमि पर ब्लॉक प्लांटेशन किया जायेगा। निजी भूमियों पर नन्दन फलोद्यान योजना के तहत पौधा रोपण किया जायेगा। नालों के 10 मीटर तक पानी सहजने वाले पौधे लगाये, उसके बाद अन्य फलदार/छायादार पौधे लगाये। पौधा रोपण के लिए 104 ग्रामों में मुहिम चलाई जा रही है। गांवो में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जा रहे है। एक हजार स्क्वेयर मीटर की छत एक लाख लीटर पानी भूमि में पहुंचाती है। अमृत संचय अभियान का उद्देश्य पानी बचाना है। अभियान के तहत भूमिगत पानी को बढाने की कार्यवाही की जा रही है। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम संबंधी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा की रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस्टम से 200 करोड लीटर पानी बचाने का लक्ष्य रखा गया है। हम अभी 60 करोड लीटर पानी बचाने के लक्ष्य तक पहुंच गये है।

जिले में वन विभाग द्वारा 17 लाख पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा देवास में माताजी टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा जिले में सस्ती दर पर पौधे नागरिकों को उपलब्ध कराये जायेंगे। सीडबॉल बनाने के लिए स्कूलों में वर्कशाप की जा रही है। स्वसहायता समूह और स्कूली बच्चों द्वारा 20 लाख सीडबॉल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर गुप्ता ने मियावाकी पद्धिति से पौधरोपण करने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम मियावाकी पद्धिति से पौधरोपण कर सकते है। जिले में मेरा स्कूल-स्मार्ट स्कूल अभियान शतप्रतिशत पूर्ण हो गया है। जिले की सभी स्कूलों में अभियान के तहत स्मार्ट टीवी प्राप्त हो गई है।

### सीएमएचओ कार्यालय में अनियमित तरीके से भुगतान की जांच जारी

मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय में 4 करोड 26 लाख 69 हजार रूपये का भुगतान अनियमित तरीके से हुआ है। जिसमें 74 ट्रांजेक्शन हुए है। अनियमित तरीके से भुगतान की जांच की जा रही है। अभी तक 1 करोड 32 लाख रुपए की वसूली की कार्रवाई की गई है। राशि की वसूली संबंधी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि अनियमित तरीके से भुगतान की जांच पूर्ण होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जायेगी।

# रेड क्रॉस के शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बैंक नोट प्रेस देवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक नोट प्रेस देवास के 50 से अधिक कर्मचारी, अधिकारियों, सीआईएसएफ के जवानों ने रक्तदान किया। कमल सिंह चौहान ने बताया कि सर्वप्रथम शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीएनपी मुख्य महाप्रबंधक एस महापात्र एवं विशेष अतिथि महाप्रबंधक के. एन. महापात्र एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के समादेष्टा शिवरतन मीणा ने किया।

इस अवसर पर डॉक्टर पीयूष आचार्य एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉक्टर डॉ के.के. धूत ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और रक्तदान के संबंध में फैली भ्रांतियां को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक किया व रक्तदान के बारे में अनेक जानकारियां दी। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान से संग्रहित रक्त को जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही खून की कमी से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता कर मानव से सेवा के इस पुनीत कार्य में सभी को भाग लेना चाहिए।

इस अवसर पर विशेष रूप से संयुक्त प्रबंधक मानव संसाधन सुनील दुपारे, संयुक्त प्रबंधक वित्तीय एवं लेखा विवेक सिंह, प्रबंधक मानव संसाधन सिद्धार्थ श्रीवास्तव, रेड क्रॉस सोसाइटी के आरसी पालीवाल, एमएल गगरानी, नोडल अधिकारी डॉक्टर जय सिंह सेंधव, सरदार सिंह राठी, डॉक्टर भूपेंद्र फगवा, मुख्य सतर्कता अधिकारी अमित सिंह यादव, जेजीएम प्रदीप शर्मा, विवेक प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, अमित सिंह ठाकुर, एस एस रावत, मान्यता प्राप्त युनियन से प्रदीप सांगते, जाहिद पठान, भुवन साहू, वैभव पेखले, जीवन राम, सुखदेव सिंह एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गीतांजलि ग्रुप द्वारा विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में दी गायन की प्रस्तुति, सेवानिवृती पर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

गीतांजलि सिंगिंग ग्रुप का 35वां सिंगिंग कार्यक्रम होटल खेड़ापति इंटरनेशनल में रविवार 23 जून को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उदय टाकलकर, चरणजीत सिंह अरोरा, जितेन्द्र शुक्ला, शर्मिला शुक्ला, अजय दायमा, माधुरी दायमा, ऋषिकेश उपाध्याय, मानसी उपाध्याय, विनोद चौहान, अनमोल चौहान, रमेश चंद्र चौधरी, हिमांगी सुरंगे, मंदार मुळे, नवीन सोनी, शैलेन्द्र सिंह,राजेंद्र पटेल, माधवी काशीकर, रमा यार्दी, डॉ अतुल बिडवाई, राजेश कुमार दुबे, मिलिंद फडनीस, डा. अनुराधा सुपेकर, पूर्वा जोशी, शशि गुर्जर, रवि पैठणकर, सुधिर चिंचोलिकर सहित देवास- इंदौर के गायकों द्वारा लभभग 56 सदाबहार युगल एवम एकल गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्रुप के वरिष्ठ सिंगर सदस्य डॉ अतुल बिडवाइ एवम राजेश कुमार दुबे जो हाल ही में अपनी उच्च शासकीय सेवा से मुक्त होकर साफलतापूर्वक सेवानिवृत हुए उनका पुष्पहार एवम श्रीफल प्रदान कर ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया। श्रोतागण के रुप में मेघना टाकलकर, सुमन चौहान पल्लवी मूले आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उदय टाकलकर एवम मंदार मुले ने किया गया आभार सह संस्थापक जितेंद्र शुक्ला ने माना। रात्रि सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### नगर निगम द्वारा चलाया सीएनडी वेस्ट संग्रहण एवं प्रसंस्करण अभियान



**देवास।** राज्य सरकार के निर्देश अनुसार माह जून एवं जुलाई मे निर्धारित गतिविधि हेतु गतिविधि कैलेंडर जारी किया गया है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के निर्देशन मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमले के द्वारा तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को शहर में अनाधिकृत रूप से पड़े हुए सीएनडी वेस्ट का संग्रहण एवं प्रसंस्करण इकाई तक परिवहन का कार्य किया गया व सीएनडी डंप करने वाले नागरिकों पर आवश्यक चालानी कार्रवाई की गई साथ ही सीएनडी संग्रहण हेतु निकाय द्वारा जारी किए गए संपर्क नंबर (18002335270) के संबध में नागरिकों को जानकारी दी जा रही है। उपायुक्त ने बताया की सफाई अभियान के अन्तर्गत प्राप्त कैलेंडर अनुसार निगम द्वारा स्वच्छता पर आधारित अभियान चलाया जा रहा है। संपूर्ण कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवार, ओम प्रकाश पाथरोड, वार्डो के दरोगा एवं स्वच्छ भारत मिशन की टीम उपस्थिति रही।

# उज्जैन रेंज आईजी ने किया परेड का वार्षिकी निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मंगलवार सुबह उज्जैन रेंज पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह देवास पहुंचे और उन्होंने स्थानीय परेड़ ग्राउंड पर परेड का वार्षिक निरीक्षण कर सलामी ली।

उज्जैन रेंज पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार ने इस दौरान पुलिसकर्मियों से जनसंवाद भी किया। इसी के साथ ही एसपी सहित पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि हर थाना क्षेत्र में क्राईम के हाटस्पॉट व आदतन अपराधियों पर नजर रखी जाए। उज्जैन रेंज पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर यहां पहुंचे थे। इस दौरान सभी पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद किया। यहां पर कुछ पुलिस के विषय थे उनकी बातों को सूना। क्या कार्य कर रहे है उन्हें कुछ समास्याए हो रही है आदि विषय पर चर्चा हुई।

# दस्तक अभियान के प्रथम चरण का किया शुभारम्भ




हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिला स्तर पर दस्तक अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक गीता भवन देवास में विधायक गायत्री राजे पवार ने बच्चों को विटामिन की दवा पिलाकर और ओ.आर.एस. का पैकेट देकर किया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, राजीव खण्डेलवाल, धर्मेन्द्र बैस, सुभाष चौहान, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सुनील तिवारी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेन्द्र गुजराती, मेडिकल ऑफिसर डॉ मृणाली यादव, डीपीएम कामाक्षी दुबे, जिला मिडिया अधिकारी कमलसिंह डावर, एपीएम स्वीटी यादव, डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, बीईई सुखदेव रावत सहित अन्य चिकित्सक स्टाफ, आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि शासन कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में सभी का योगदान हमेशा से रहा है, पोलियो जैसी बीमारी को खत्म किया है। हमारा देश पोलियो मुक्त है, शासन की योजनाओं से हम बच्चो में होने वाली बीमारियों को दूर करते है। अभियान को घर-घर पहुचानें के लिए आप और हमें सहयोग करना होगा। दस्तक अभियान का लाभ सभी पात्र बच्चों को मिले, इसलिए हमे प्रयास करना होगा। दस्तक अभियान को सभी के सहयोग से सफल बनायेंगे, कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों ने अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने व बच्चों के स्वस्थ्य रखने की बात कही और बच्चों को विटामिन की दवाई पिलाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार, रेफरल सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में प्रतिवर्ष दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से किया जा रहा है।

### सुकन्या समृद्धि योजना में खाते खुलवाने 15 अगस्त तक चलाया जायेगा विशेष अभियान

# योजनांतर्गत ब्याज और मिलने वाली राशि पर मिलेगी टैक्स छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास



सुकन्या समृद्धि योजना के संबंध में कलेक्टर गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, पोस्ट मास्टर जनरल क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर प्रीति अग्रवाल, अधीक्षक पोस्ट ऑफिस इंदौर ओमप्रकाश चौहान, सहायक अधीक्षक पोस्ट ऑफिस देवास गोपाल चौधरी, महिला बाल विकास अधिकारी रेलम बघेल, डीपीसी प्रदीप जैन, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि "सुकन्या समृद्धि योजना" में अधिक से अधिक खाते खुलवाने के लिए 1 जुलाई से 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाए। आंगवाडी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में नागरिकों को 10 वर्ष से कम आयु की बालिका का खाता "सुकन्या समृद्धि योजना" में खुलवाने के लिए प्रेरित करें और बालिका का खाता "सुकन्या समृद्धि योजना" में खुलवाने के लिए पोस्ट ऑफिस लेकर जाए।गुप्ता ने महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को खाते खुलवाने के लिए लक्ष्य दें। डीपीसी और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की विद्यालयों में 5वीं तक की बालिकाओं के अभिभावकों को बुलाकर उन्हें "सुकन्या समृद्धि योजना" की जानकारी दे। योजना के लाभ अभिभावकों को बताए और बालिकाओं का "सुकन्या समृद्धि योजना" में खाता खोलने के संबंध में जानकारी दे। बैठक में पोस्ट मास्टर जनरल क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर प्रीति अग्रवाल ने पोस्ट ऑफिस द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी।

बेटियों के लिए छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने के मकसद से विशेष जमा योजना सुकन्या समृध्दि योजना की चलाई जा रही है। इस योजना में न्यूनतम जमा राशि 250 रुपए है। इसमें बालिका के माता-पिता या संरक्षक बेटी के नाम से खाता खुलवा सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना खाता बेटी के जन्म से लेकर 10 वर्ष तक की आयु तक के बीच खुलवाया जा सकता है। जमाकर्ता बेटी के नाम से सिर्फ एक ही खाता खोल सकता है। माता-पिता संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग खाता खोल सकते है। जुड़वा बेटियाँ है तो जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके बाद तीसरा खाता खोला जा सकता है। खाता खोलने के लिए जरूरी राशि सिर्फ 250 रुपए है। एक वित्तीय वर्ष में इस खाते में न्यूनतम 250 रुपए और अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए जमा किया जा सकेगा। यह पैसा अकाउंट खुलने के 15 साल तक ही जमा करवाना होगा। खाता संचालन बालिका के 10 वर्ष तक की आयु होने तक माता-पिता खाते को संचालित कर सकते हैं। इसके बाद बेटी खुद खाता संचालित कर सकती है। इसके अलावा इस योजना के अंतर्गत किसी भी पोस्ट ऑफिस ब्रांच मे अकाउंट खुलवाया जा सकता है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खुलने वाले खातों को टैक्स से छूट मिलेगी। इस योजना के तहत खुलने वाले खातों को आयकर कानून की धारा 80 सी के तहत छूट दी जाएगी। अगर खाते में अनियमित भुगतान किया जाता है तो प्रति वर्ष कम से कम 50 रुपए का जुर्माना निर्धारित राशि के साथ लिया जाएगा। सुकन्या समृध्दि योजना में निवेश राशि पर ही पहले टैक्स छूट थी, लेकिन इस बजट में इसके ब्याज और परिपक्वता पर मिलने वाली राशि पर भी टैक्स से छूट दी गई है।

### खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज

खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज में लड़की के जन्म का प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, एड्रैस प्रूफ बच्चे और माता पिता की फोटो आवश्यक है। अधिकतम तीन खाते खोले जा सकते है एक व्यक्ति द्वारा अधिकतम दो से तीन खाते खोले जा सकते हैं। इस योजना मे दो ही खातों का प्रावधान है लेकिन अगर जुड़वा लड़की है तो इस संबंध में आपको प्रमाण पत्र पेश करना होगा, जिसके बाद आप तीसरा खाता खुलवा सकते है। किसी भी दशा में 3 से अधिक खाता नहीं खोला जा सकता है। खाते में न्यूनतम राशि 250 रुपए या अधिकतम राशि 1 लाख 50 हजार रुपए वार्षिक जमा की जा सकती है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶देवास

जिला निर्वाचन एवं तहसील निर्वाचन कार्यालयों में पदस्थ / कार्यरत निर्वाचन आउटसोर्स कर्मचारियों ने नियमितीकरण एवं नियमित कर्मचारियों समान वेतन एवं अधिकार प्राप्त करने हेतु अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक गायत्री राजे पवार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सहायक प्रोग्रामर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद थे। उपस्थित कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि हम सभी निर्वाचन कार्यालय में वर्ष 2017 से आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से कार्य कर रहे है। हमारे द्वारा विधानसभा, लोकसभा, पंचायत त्रिस्तरीय एवं नगरीय आम निर्वाचन अंर्तगत निर्वाचन संबंधी एवं कार्यालय संबंधित कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है।

उपरोक्त कार्यों हेतु हमें मात्र 8 से 10 हजार रूपये प्रतिमाह का पारिश्रमिक प्राप्त होता है, जो कि नियमित कर्मचारियों के मानदेय के अनुसार काफी कम है एवं पारिवारिक भरण पोषण की पूर्ति करने हेतु अपर्याप्त है, जिस कारण हम आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहें है। विधायक पवार ने निर्वाचन आउटसोर्स कर्मचारियों से ज्ञापन लेकर सहमति पत्र प्रदाय किया एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किए जाने हेतु आश्वासन दिया।

**खबर संक्षेप**

## ईदगाह कमेटी ने किया सीएमओ का स्वागत



**जावर।** जावर ईदगाह कमेटी के सदर तोसिफ शेख ओर मस्जिद के सदर नौशाद खान ने सीएमओ हरीश सोनी का पेन गिफ्ट में देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर ईदगाह कमेटी के सदस्य शाहरुख शेख, मुन्ना शाह ,अरबाज अली, आरिफ शाह, आलम शेख, फारुख शेख ,हसन मंसूरी ,अज्जू कुरैशी, इशाक मंसूरी आदी लोग मोजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने पिलाई पोलियो की खुराक

**सीहोर।** 23 से 25 जून 2024 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर के स्वयंसेवकों द्वारा स्वास्थ विभाग के साथ सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पोलियो अभियान चलाया। जिसमे 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। यह अभियान महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवानी प्रजापति और अमित शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में शासकीय चंद्रशेखर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के स्वयंसेवक आशीष मेवाड़ा, आदित्य गौर, यशराज, महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो स्वयंसेवक नंदिनी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर की स्वयंसेवक मानसी प्रजापति ने सराहनीय कार्य किया और शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए अपना सहयोग दिया।

### बारिश के बाद भी उमस और गर्मी से राहत नहीं, बिजली की अघोषित कटौती ने नागरिकों का जीना किया मुहाल



# एक सप्ताह में छह बार 17 घंटे बिजली बंद कर किया मेंटेनेंस, फिर भी हो रही अघोषित बिजली कटौती

**लोग बिजली कंपनी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों तक से कर चुके हैं, लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी तक बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन देकर दी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ तो भीषण गर्मी और उमस ने लोगों के सामान्य जन जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रखा है, वही जले पर नमक छिड़कने का काम इन दिनों बिजली कंपनी कर रही है। आलम यह है कि हल्की हवा चलने पर बिजली कटौती की जा रही है। जिससे बिजली कंपनी के मेंटेनेंस पोल खुल रही है। बिजली कटौती के चलते शहर के लोगों में रोष व्याप्त है। लोग बिजली कंपनी की शिकायत सीएम हेल्पलाइन के साथ जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों तक से कर चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है। लोगों ने आंदोलन करने की चेतावनी तक बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन देकर दी है।

### कभी दोपहर तो कभी रात को काट रहे बिजली

इन दिनों लोर्ग गर्मी और उमस के कारण काफी परेशान है। जिससे बचने लोगों के पास कूलर पंखे के सामने बैठने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन यह सुकुन भी बिजली छीन रही है। अघोषित बिजली कटौती की स्थिति यह है कि कभी भरी दोपहर में तो कभी आधी रात को घंटो तक बिजली गुल रहती है।

### रविवार को आधा शहर होता रहा परेशान

मंडी क्षेत्र शहर का एक बडा और व्यवसाय लिहाज से बडा है। जहां पर अधिकांश फैक्ट्रियां भी है। लेकिन रविवार का दिन लोगों के लिए काफी तकलीफों से भरा रहा। हल्का सा मौसम बिगड़ते ही रात आठ बजे अचानक बिजली गुल हो गई। इसके बाद लोग गर्मी और उमस से बेहाल होते रहे। बिजली आने का इंतजार करते-करते राठ दस बजे तक भी बिजली नहीं आई। बिजली की आँख मिचोली का खेल रात करीब दो से तीन बजे तक चलता रहा। जिस के कारण क्षेत्र के लोग परेशान होते रहे।



### बोले रहवासी, पत्ता हिलते ही कट जाती है बिजली, नहीं सुनते जिम्मेदार

बिजली अघोषित कटौती से लगभग पूरा शहर ही परेशान है। अघोषित बिजली कटौती को लेकर पार्षद मुकेश राठौर और पुर्व पार्षद रामप्रकाश चौधरी ने भी कंपनी के अधिकृत व्हाट्सएप ग्रुप पर अपनी जमकर भड़ास निकाली। वही रहवासियों का कहना है,कि मौसम में बदलाव होते ही हवा से पत्ता हिलने पर ही बिजली कंपनी के जिम्मेदार बिजली काट देते हैं। जब की आए दिन मेंटनेश का शेड्यूल बनाकर घंटो तक बिजली बंद कर मरम्मत का कार्य किया जाता है। इसके बाद भी स्थिति जस की तस ही बनी रहती है।

### पांच दिन का दिया समय, नहीं तो करेंगे धरना प्रदर्शन और आंदोलन

बार-बार अघोषित बिजली कटौती से परेशान होकर मंडी क्षेत्र के नागरिकों ने अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ बिजली विभाग के सहायक यंत्री को इस समस्या से अवगत कराया। साथ ही सुधार के लिए आवेदन के साथ पांच दिनों का समय दिया गया। ताकी इस समस्या का निराकरण जल्द हो सके। अगर निराकरण नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करेंगे। बिजली

#### इतने दिन मेंटेनेंस के नाम पर कटौती

- **20 जून:** बिजली कंपनी के जिम्मेदारों ने मेंटनेंस कार्य के लिए शेड्यूल बनाया जिस के तहत 11 केव्ही मंडी फीडर में आने वाले क्षेत्रों में तीन घंटे बिजली कटौती की गई।
- **19 जून:** 11 केव्ही बस स्टैंड फीडर में आने वाले क्षेत्र में दो घंटे तक बिजली कंपनी ने मेंटेनेंस कार्य किया।
- **17 जून:** सोमवार को 11 केव्ही इंडस्ट्रियल फीडर मेंटेनेंस को लेकर सुबह तीन घंटे तक इंडस्ट्रियल फीडर की सप्लाई बंद रही।
- **14 जून:** सुभाष फीडर और लुनिया फीडर में आने वाले क्षेत्रों में करीब तीन घंटे तक मेंटनेंस किया गया।
- **13 जून:** को भोपाल नाका फीडर और पटवारी फीडर के क्षेत्रों में करीब दो-दो घंटे बिजली कटौती कर मेंटेनेंस किया गया।
- **12 जून:** 11 केव्ही तहसील फीडर के क्षेत्रों में दो घंटे तक मेंटेनेंस कार्य हुआ।

#### यहा हुई अघोषित कटौती

- **24 जून:** मंडी फीडर में खराबी आने के बाद बिजली गुल हुई करीब तीन घंटे बाद बिजली आई, लेकिन कुछ देर बाद फिर चली गई। यह सिलसिला करीब एक बजे तक चलता रहा। वही वोल्टेज की समस्या से भी नागरिक परेशान होते रहे। बिजली कटौती का सिलसिला करीब रात तीन बजे तक चलता रहा।
- **23 जून:** सुभाष फीडर में आने वाले क्षेत्र में भी बिजली गुल रही। बिजली सुधार के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी।
- **22 जून:** मंडी फीडर की बिजली अचानक गुल हो गई। इसी के साथ ही गर्ल्स कॉलेज के सामने ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण काफी देर तक बिजली गुल रही। चाणक्यपुरी सहित शीतल विहार में करीब तीन घंटे तक अंधेरा रहा।
- **20 जून:** मंडी फीडर की बिजली अचानक गुल हो गई। वही शहरी क्षेत्र के गंगा आश्रम, राजा बाग में भी बिजली गुल थी।
- **19 जून:** बिजली सुधार कार्य के चलते अचानक टाउन फीडर की बिजली गुल रही। वही शुगर फैक्ट्री क्षेत्र में भी काफी देर तक बिजली नहीं थी। वही 11 केव्ही मंडी फीडर और 11 केव्ही इंडसट्रियल फीडर दोनों को लगभग 30 मिनट के लिए बंद कर सबस्टेशन में पैनल का सुधार कार्य किया। बस स्टैंड और मछली पुल क्षेत्र में भी अघोषित बिजली कटौती की गई।
- **17 जून:** अचानक से कस्बा क्षेत्र के साथ नेहरू कॉलोनी, मंडी क्षेत्र में बिजली गुल हुई।
- **16 जून:** राजा बाग, गंगा आश्रम, मंडी क्षेत्र श्री राम कॉलोनी, सुभाष फीडर के क्षेत्रों में भी करीब एक घंटो तक बिजली गुल रही। जिस के चलते रहवासी परेशान होते रहे
- **14 जून:** बस स्टैंड फीडर के क्षेत्र, चाणक्यपुरी, सहित अन्य क्षेत्रों में करीब आधे से एक घंटे तक बिजली गुल रही।

कि मंडी सहित अन्य क्षेत्र के लोग बिजली कटौती की शिकायत लेकर आए थे। ट्रांस्फार्मर और बडी लाइन में फाल्ट आने के कारण सुधार कार्य में समय लग जाता है। जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा।

## आवासीय ने सीहोर क्लब को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही अंडर-12 बेबी लीग खेल मेला प्रतियोगिता का आयोजन जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इसमें रविवार को तीन मैच खेले गए थे। इसमें पहला मुकाबला सीहोर क्लब और आवासीय के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में आवासीय ने सीहोर क्लब को एक तरफा मैच में 2-0 से हराया। आवासीय की ओर से अनिकेत और काव्यांश ने एक-एक गोल किया। सीहोर क्लब की ओर से अनेक गोल के प्रयास किए थे।

जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में हर दिन मुकाबले जबरदस्त हो रहे है। रविवार को दूसरे मैच में सीहोर बाइज ने इछावर टीम को तीन गोल से हराया। इसमें सीहोर बाइज की ओर से पहले ही हाफ में स्ट्राइकर अर्थव ने एक गोल किया था, वहीं उसके पश्चात ललित-अरफात ने भी एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मैच आरएसआई-डीएसवाय के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई को डीएसवाय ने 5-2 के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में डीएसवाय की ओर से सुशांत ने तीन गोल किए थे। वहीं वैष्णवी और शुभम ने एक-एक गोल किया। आरएसआई की ओर से संस्कार-वैभव ने एक-एक गोल किया। मैच के अंत में एसोसिएशन की ओर से प्रतियोगिता के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, कोच विपिन पवार आदि ने डीएसवाय के सुशांत के शानदार प्रदर्शन पर उत्साहवर्धन किया।

## पुण्य वाणी होने पर ही साधु-संतों के चरण घर पर पढ़ते हैं : मालव कीर्तिसुधा साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बड़ी पुण्य वाणी होती है जब साधु -संतों का योग मिलता है और उससे ज्यादा पुण्यवाणी पर साधु- संतों का अपने घर में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है और ज्यादा पुण्यवानी होने से सुपात्र दान देने का योग बनता है एवं अपनी पुण्यवानी और भी अधिक होने से जिनवाणी सुनने का अवसर मिलता है। आप लोगों की पुण्यवाणी ही है कि आप लोगों को यह शुभ अवसर सहज में ही प्राप्त हुआ है।आष्टा संघ बहुत भाग्यशाली है यहां पूज्यपाद त्रिलोक ऋषि महाराज साहब, पूज्यपादअमोलक ऋषि जी महाराज साहब, पूज्य गुरणी मैय्या वल्लभ कुंवर महाराज साहब का विचरण क्षेत्र रहा है एवं आष्टा संघ पर उनका बहुत उपकार रहा है। उक्त बातें राष्ट्रसंत आचार्य आनंदऋषि महाराज साहब, वल्लभ कुंवर महाराज साहब की सुशिष्या उपप्रवर्तनी साध्वी मालव कीर्तिसुधा जी ने नगर प्रवेश के पश्चात श्री महावीर भवन स्थानक में आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमारी जिंदगी दो पटरी पुण्य और पाप पर चल रही है। पुण्योदय से सारी अनुकूलता मिलती है और पाप के उदय से प्रतिकूलता मिलती है। पुण्य अर्जन करने में कभी भी पीछे नहीं हटना। पुण्य अनुकूल हो तो परिवार भी अनुकूल मिलते हैं।मान -सम्मान भी मिलेगा। मनचाहा काम होगा। मालवकीर्ति जी ने बताया कि पुण्य 9 प्रकार के होते हैं और ये आत्मा के खजाने की चाबी है। पुण्य कमाने का सुअवसर मानव भव में है। सहजता से जो किया जाता है वह हमें की गुणा लाभ देता है। रास्ते चलते यदि हम संतों को नमस्कार करते हैं तो सहज ही पुण्य का बंध हो जाता है। पुण्य किसी को दगा नहीं देता है और पाप किसी का सगा नहीं होता है।एक पुण्य 18 पापों को नष्ट कर सकता है। वहीं 18 पाप मिलकर एक पुण्य नहीं बांध सकते। हमारे जीव ने भी कभी पुण्य का बंध करा होगा तभी यह अनुकूलता मिली है। आर्य क्षेत्र, मनुष्य भव, संतों का समागम सभी मिले हैं। पुण्य हमेशा हमारी सुरक्षा करेगा। साध्वी आराधना श्रीजी ने भी आशीष वचन देते हुए कहा कि संसार की हर चीज की जानकारी गुगल पर मिल जाएगी लेकिन आत्मा की जानकारी गुगल पर नहीं अपने अंदर मिलेगी। ये राग द्वेष के पुदगल हमारे जब तक समाप्त नहीं होंगे तब तक आत्मा की शुद्धि अर्थात आत्मा का कल्याण नहीं होगा और मोक्ष की यात्रा भी शुरू नहीं होगी। पूज्य मालवकीर्ति जी,नूतन प्रभा जी, आराधना श्रीजी, श्रीभक्त श्रीजी महाराज साहब ठाणा 4 रविवार 23 जून को सुबह 7 बजे मंगल नगर प्रवेश बड़ा बाजार श्री अशोक देशलहरा के मकान से जुलूस के रूप में प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री महावीर भवन जैन स्थानक आष्टा पधारें। साध्वी भगवंतों के आशीष वचन नित्य प्रातः 9 से 10 बजे तक महावीर भवन स्थानक में हो रहे हैं।

## श्यामपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद, मनाया स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर भारतीय जनता पार्टी मंडल श्यामपुर के द्वारा स्मृति दिवस मनाया गया। स्मृति दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण पाटीदार ने माल्याअर्पण कर पुष्पांजलि समर्पित की। तत्पश्चात सीहोर विधायक सुदेश राय के प्रतिनिधि गोविंद पाटीदार मंडल उपाध्यक्ष श्यामपुर ने कहा कि आज हम जिस कश्मीर की बात करते हैं वह डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दिया।



इस मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाटीदार, विधायक प्रतिनिधि मंडल उपाध्यक्ष गोविंद पाटीदार, श्यामपुर सरपंच नवीन चौहान, मंडल महामंत्री रामस्वरूप मालवीय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश कोहली, व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, युवा भाजपा नेता संजय पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार, नवदीप श्रीवास्तव, शरण वाल्मीकि, विष्णु महेश्वरी, गोविंद ठाकुर, पूर्व उप सरपंच राम भरोसे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### धारा 370 हटाकर पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के स्वप्न को प्रधानमंत्री ने साकार किया: विधायक

**आष्टा।** नगर के शक्ति केंद्र क्रमांक 06 बूथ क्रमांक 163 सुभाष नगर में पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हे पुष्पांजली अर्पित कर उन्हे याद किया। आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि 23 जून 1953 में रहस्यमई परिस्थितियों में पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मृत्यु हो गई थी। भारत की राजनीतिक गतिविधियों में पंडित जी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। कश्मीर के लिए उन्होंने जन जाग्रति अभियान चलाया उन्होंने नारा दिया की इस देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा। आज जो हम 370 हटाने के बाद का कश्मीर देख रहे है ये श्यामाप्रसाद मुखर्जी का स्वप्न देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ जनों का सम्मान भी किया गया। आष्टा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा,आष्टा नगर पालिका वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर, आदेश शर्मा,शेष नारायण भूतिया सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे।




### मनकेश्वर मंदिर समिति ने किया जनप्रतिनिधियों का स्वागत

# विधायक निधि से मंदिर निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कन्नौद रोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के पीछे निर्माणाधीन मनकेश्वर महादेव मंदिर समिति व वार्डवासियों ने स्वागत सम्मान आयोजित कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, रूपेश राठौर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक ने विधायक निधि से मंदिर के निर्माण के लिए 2 लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। वहीं विधायक इंजीनियर ने कहा कि समिति का धन्यवाद जो सनातन धर्म की पताका को मजबूत करते हुए भगवान मनकेश्वर महादेव मंदिर के निर्माण का संकल्प लिया जो शीघ्र ही पूर्ण होने जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने मंदिर समिति को शुभकामनाएं व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में भगवान का मंदिर नही होने से धर्मालुजनों को दूर जाना पड़ता था। आपने बहुत ही सहज, सरल भगवान शंकर के स्वरूप मनकेश्वर महादेव भगवान की स्थापना की है जो अपने आपमें सस्ते भगवान है जो अपने भक्तों के द्वारा एक लोटे जल में ही प्रसन्न हो जाते है। स्वागत करने वालों में पार्षद जावर वीरेन्द्रसिंह ठाकुर, कमल ताम्रकार, रामप्रसाद राठौर, कमलेश राठौर, पिंटू राठौर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासीगण मौजूद थे।

## पहली बारिश में आया नेवज नदी में पानी, लोगों के खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नेवज नदी मेहतवाड़ा देवांचल धाम जिसका उद्गम हुआ रविवार शाम अच्छी बारिश वर्ष की पहली ही बारिश में बहने लगी नदी। आसपास के समस्त गांव के लोग कहते हैं कि जब नदी में पानी आ जाता है तो पीने के पानी की समस्या खत्म हो जाती है क्योंकि घर पर लगे पेयजलों का जल स्तर भी बढ़ जाता है नदी में पानी आना बहुत ही शुभ माना जाता है पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार सनातन धर्म में हमारे देश में नदियों को माता का दर्जा दिया गया जो जीवन दाहिनी होती है नेवज नदी देवांचल धाम से निकली है वहां पवित्र नदी है।

# 16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी

खबर का असर

## शासन के सख्त आदेशों के बाद किन अधिकारियों ने और क्यों नहीं किया था संबंधित डॉक्टर का संलग्नीकरण खत्म, मूल पदस्थापना पर एमएस डॉ के अभाव में वर्षों से परेशान हो रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

देर से ही सही आखिरकार डॉ कठेरिया का जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट खत्म हो ही गया। तमाम राजनैतिक रसूक और अधिकारियों से संबंध का दावा करने वाले डॉ कठेरिया को सीएमएचओ के एक आदेश ने आइना दिखा दिया। 22 जून को जारी एक आदेश में प्रशासकीय कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए डॉ राजेन्द्र कठेरिया और डॉ स्वाति किरार को उनकी मूल पदस्थापना क्रमशः खुजनेर और मलावर केंद्रों पर जाकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में साफ लिखा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।


सीएम ड्यूटी और एमरजेंसी ड्यूटी पर न रहने पर मिल चुके हैं कई बार नोटिस
आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!
खुजनेर स्वास्थ्य केंद्र में दस दिन पूर्व ही डॉक्टर की कमी के चलते दो युवा गवां चुके अपनी जान


मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कमिश्नर व कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

### हरिभूमि ने कई बाद उठाया था जिला अस्पताल में अटैचमेंट का मुद्दा

खुजनेर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परेशान होते मरीज और डॉ राजेन्द्र कठेरिया की 16 वर्षों से जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट को लेकर हरिभूमि ने कई बाद इस समस्या से शासन व प्रशासन को अवगत कराया। वहीं मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ स्वाती किरार के न होने से आसपास आने वाले 40 गावों के ग्रामीणों की परेशानी को भी हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और जिला मुख्यालय पर डॉ स्वाति किरार के संलग्नीकरण पर प्रकाश डाला था।

### वर्षों से जमे हुए हैं सरकारी आवास पर

डॉ. राजेंद्र कठेरिया की मूल पद स्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में है, लेकिन लगभग 16 वर्षों से अधिकारियों से सांठगांठ एवं राजनीतिक संबंधों के चलते इनके द्वारा सरकारी आवास पर वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। डॉ कठेरिया के जिला चिकित्सालय राजगढ़ स्थित आवास में रहने के कारण दूसरे डॉक्टर जिनकी मूलपदस्थापना जिला मुख्यालय की ही है वह शहर में किराए के मकानों में रहकर दिन रात मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### जिला चिकित्सालय के डॉक्टर लगा चुके हैं कठेरिया पर भ्रष्टाचार के आरोप

*डॉ कठेरिया सिविल सर्जन जैसे पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं। इनके कार्यकाल में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरएस माथुर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉ आरके कठेरिया पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए थे।*

### इनका कहना है

हां हमने जिला अस्पताल से सभी अटैचमेंट खत्म कर दिए हैं और उन्हें उनकी मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

**डॉ किरण वाडिवा,**
सीएमएचओ राजगढ़

---

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# सभी तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन आदि मामले एक हफ्ते में निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

लगभग समूचा प्रशासनिक अमला विधानसभा और लोकसभा चुनावों में खासा व्यस्त था। यही कारण है कि ग्रामीणों सहित आमजनों के राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि के अनेकों मामले विभिन्न तहसीलों में लंबित हो चुके हैं। ऐसे में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आहूत टीएल बैठक में सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उक्त लंबित मामलों का एक हफ्ते में निराकरण किया जाए। नक्ष, तरमीम उठाने की कार्रवाई पटवारियों के माध्यम से पूर्ण करने के लिए भी कहा गया।

मोहनपुरा बांध के आसपास की खाली पड़ी जमीन पर बड़े स्तर पर पौधरोपण करवाने के निर्देश उन्होंने जल संसाधन विभाग को दिए। निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए काम में तेजी लाने के तल्ख निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए गए।

### लाइनों को तोड़ने-फोड़ने वालों पर करवाएं एफआईआर

हर घर नल से जल पहुंचाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांव-गांव में पाइप लाइनें बिछाई जा रही हैं। लेकिन अनेक जगहों पर इन लाईनों को लोगों द्वारा तोड़ने-फोड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर दीक्षित ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइनों को क्षतिग्रस्त करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ महीप किशोर तेजस्वी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, नप एवं नपा के सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## नशे के विरोध में जन संवाद कार्यक्रम हुआ

**ग्यारसपुर।** थाना पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत बाजार में नशा विरोधी जन संवाद का आयोजन किया गया। लोगों को नशा न करने जागरूक किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे पर ग्यारसपुर कस्बा में व्यापारी वर्ग व मार्केट में नशा विरोधी जन संवाद के दौरान आम जन में जागरूकता लाई गई। नशा के दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई ओर शपथ दिलाई गई।

---

# संगीत दिवस 2024 का आयोजन

## माल्यार्पण कर विधायक ने किया शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृत संचनालय भोपाल एवं शासकीय संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ का प्रतिष्ठा आयोजन विश्व योग एवं संगीत दिवस 2024 आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं नरसिंहगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। 'मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा अधिकृत संगीत महाविद्यालय मैहर के अध्यनरत विद्यार्थियों (कलाकारों) के द्वारा प्रस्तुत किया सर्वप्रथम घनश्याम प्रजापति ने शास्त्रीय गायन तीन ताल में राग बिहाग व भजन की अति सुंदर व मनमोहक प्रस्तुति का गायन किया। राग बिहग और भजन कीर्तन की सुंदर गायकी के साथ अन्य कलाकारों के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा तबला वादन, सुखदेव प्रजापति ने मालकोस में सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई कुमारी नंदिनी अग्निहोत्री और कुमारी हर्षित प्रजापति ने तीन ताल में गाते हुए टूमरी में युगल नृत्य प्रस्तुत किया पवन सिंह सपना नामदेव मोहम्मद अहमद खान कमाल खान मैहर के द्वारा अति सुंदर संगीत प्रदान किया( मंच का संचालन डॉक्टर दीपिका चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत महाविद्यालय के स्टाफ मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से हुई बुजुर्ग की मौत

## परिजनों का अरोप लाइनमैन की लापरवाही से गई जान



**ब्यावरा।** लखनवास में लोहे के बिजली पोल में करंट से वृद्ध की मौत हो गई। श्यामलाल वर्मा घर से बाहर आया और घर के पास लगे बिजली पोल को पकड़ कर निकल रहा था तब उसमें करंट आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए ब्यावरा सरकारी अस्पताल भेज दिया। घरवालों का आरोप है कि इसमें लाइनमैन की लापरवाही के कारण हमारे पिताजी की मौत हुई है। दो-चार दिन पहले लाइनमेंन से बोल दिया था इस पोल में करंट आ रहा है। लाइनमैन ने बोला हम दिखवा लेंगे। घर वालों का आरोप है कि ऐसे लाइनमैन को तत्काल सस्पेंड कर देना चाहिए।

लक्ष्य यह की कोई बच्चा दवा पीने से न छूटे

# दूसरे दिन घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**राजगढ़।** पोलियो मुक्त भारत की अवधारणा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 23 से 25 जून तक अभियान चलाया हुआ है। अभियान के प्रथम दिवस जहां पूरे जिले में 1600 के लगभग बूथ बनाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं द्वितीय दिवस वंचित रहे बच्चों को ढूंढ-ढूंढकर दवाई का सेवन करवाया गया।

स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आषा कार्यकर्ता सहित मैदानी अमला, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें इस काम में जुटी हुई हैं। उन्नति फाउंडेषन की टीम द्वारा भी 14 वालेंटियर्स तैनात करते हुए दो-दो की टोली बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों के घरों, बस स्टैंड, खिलचीपुर नाका व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कम उम्र के बच्चों को खोजकर उन्हें दवाई पिलाई गई। फाउंडेषन की बरखा दांगी ने बताया कि उनकी पूरी टीम निःषुल्क रूप से यह काम कर रही है। जिला टीकाकरण



अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया ने बताया कि यह क्रम आज मंगलवार को भी जारी रहेगा।

---

# कैडेट्स को 10 दिन दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

14 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा एसएटीआई एटी डिग्री कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 29 जून तक किया गया है। कैम्प कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता, शौर्य चक्र के नेतृत्व में एवं कर्नल यश छिब्बर की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

कैंप की शुरुआत कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के ओपनिंग एड्रेस से हुई उन्होंने कैडेट को संबोधित करते हुए एनसीसी का मोटो एकता, अनुशासन एवं जीवन में आगे कैसे बढ़े इसकी सीख दी। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग एवं सुरक्षा करने हेतु निर्देशित किया। कैंप में एनसीसी कैडेट द्वारा गॉड ऑफ ऑनर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह को दिया गया। साथ ही ग्रुप कमांडर द्वारा कैंप का निरीक्षण कर कैंप के सभी एनसीसी ऑफिसर से परिचय किया। इस कैंप में जिले के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न तरह के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, मैप रीडिंग, योग , नेतृत्व क्षमता आदि प्राप्त कर रहे हैं। इस कैंप में थल सैनिक कैंप के लगभग 82 कैडेट जो कि भोपाल ग्रुप के हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दिल्ली जाने का मार्ग तय कर रहे हैं। इस दौरान कैंप में सूबेदार मेजर हृदय रंजन, समस्त पी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी कैप्टन रामानंद मिश्रा , लेफ्टिनेंट विनीता प्रजापति, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र यादव, फर्स्ट ऑफिसर लखनलाल कुशवाह, सेकंड ऑफिसर रश्मि पाठक कमल किशोर, थर्ड ऑफिसर अनिल सोनी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** सैकड़ों की संख्या में मौजूद कैडेट्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण।

## जिलाबदर का आरोपी घूमते हुए पकड़ा गया

**हैदरगढ़।** जिलाबदर के आरोपी को हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम दैयरपुर से पकड़ा है। जिलाबदर के आरोपियों की चैकिंग करने के लिए थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा टीम गठित की गई। चेकिंग में संग्राम पिता धन सिंह लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम दैय्यरपुर थाना क्षेत्र में रहना पाया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

छात्रों को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

स्कूल चलें हम अभियान के तहत शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पान्दा में प्रथम दिन में बच्चों का तिलक लगाकर माला पहनकर अभिनंदन किया। निशुल्क पुस्तक का वितरण किया। दूसरे दिन अभिभावक की बैठक कर शिक्षा मंत्री का संदेशवाचन करवाया गया। तीसरे दिन 20-06-2024 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में डॉ. विजेन्द्र नागर प्रदेश महासचिव भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन ने विद्यालय में उपस्थित होकर प्रेरक के रूप में भविष्य से भेंट की। उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की, ततपश्चात विद्यालय के प्राचार्य आरएन नागर द्वारा उनका अभिनंदन किया। प्रथम वक्ता के रूप में डॉक्टर विजेन्द्र नागर ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि किस प्रकार एक पत्थर अनेक चोट और प्रहार सहकर एक मूर्ति का आकार लेकर पूजनीय हो जाता है उसी तरह विद्यार्थियों के पांच लक्षण काकचेष्टा, बुगले जैसा ध्यान, कुत्ते जैसी नींद, अल्पाहारी, ग्रह त्यागी के साथ साथ निडर, साहसी, राष्ट्र से प्रेम, प्रकृति से प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव, अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान सहित अनुशासन का पालन करना, यह गुण हमारे अंदर विकसित होने चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक धर्मेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सेन, देवेन्द्र नागर, दिनेश सेन एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. सरिता शर्मा ने किया।

तहसील समन्वयक का मनोनयन किया

# गायत्री शक्ति पीठ पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

स्थानीय आवास कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार हरीद्वार शांति कुंज के द्वारा निर्धारित संकल्प 21वीं सदी उज्जवल भविष्य मनुष्य में देवत्व का उदय के तहत बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्य को गुरुदेव के कार्य को महत्वपूर्ण स्थान देते हुए करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में राजगढ़ एवं गुना जिले से आए हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में समन्वयक समिति का मनोनयन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए उनकी उपस्थिति में सर्वानुमिति से तहसील समन्वयक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक,सह समन्वयक बापुलाल दांगी, उर्मिला गुप्ता , राधेश्याम दांगी राजगढ़, रमेश तिवारी माचलपुर, सुमित्रा गुप्ता , दिनेश जमीदार महेश वर्मा देव वाला खुजनेर एवं अन्य सदस्य नियुक्त किए गए। जिला कार्यकारी समन्वयक ओपी पंवार, भारत सिंह कुरावर, किशोर जानोरिया ब्यावरा, विष्णु प्रसाद नगर जिला प्रतिनिधि के मुख्य उपस्थिति में गठन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी गण सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, डा. मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता भानपुरा, श्री मती ज्योत्सना दांगी, बिन्दु सोनगिरा सहित गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए जहां पर गुरूदेव के संदेश को बताया कि 24 गांवों में प्रज्ञा मण्डल का गठन करना है एवं चौरासी पंचायत के पत्रक बनाना, गायत्री मंत्र का जाप करना, गांव गांव में अलख जगाने तथा गुरूदेव के कार्य को जिम्मेदारी से करना है। रथयात्रा के सदस्यों को जिले स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अंशदान, श्रमदान करना क्योंकि साधना से शक्ति ओर अच्छे विचार आते हैं।

---

कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ

# मित्रता हो तो ऐसी जो दुःखी समय में काम आए : पंडित सुरेश बिहारी नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

मेड़तवाल समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा एवं पूर्णाहुति से हुआ। इस अवसर पर अंतिम दिवस की भागवत कथा में श्रद्धालु भक्तों ने भागवत महापुराण की पूजा अर्चना की तथा संगीतमय सुमधुर भजनों पर महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति रस में आनंद लिया। विजयलक्ष्मी वैध परिवार द्वारा आयोजित कथा में व्यासपीठ से पंडित सुरेश बिहारी नागर ने सुदामा चरित्र प्रसंग को बताते हुए कहा की संसार में आज भी कृष्ण सुदामा की मित्रता सर्वोपरि स्थान रखती है।

सुदामा जब दुखी समय से गुजर रहे थे तो बालसखा कि याद आई ओर जब कृष्ण के पास पहुंचे तो भगवान कृष्ण ने सुदामा को राजा बना दिया। इस मित्रता को कोई भुला नहीं सकता है। सम्पूर्ण भागवत कथा प्रसंगों का संक्षिप्त में वाचन कर बताया की कलयुग मे भगवान के नाम का सुमिरन करने का अपना विशेष महत्व है जब भी समय मिले उसका सदुपयोग करते हुए अपने इष्ट का जप करे। पंडित नागर ने भगवान नारायण के सभी अवतारों का उल्लेख कर बताया की धरती पर धर्म की रक्षा करने के लिए परमात्मा अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। बताया की कलयुग में भगवान के नाम का जप करना विशेष महत्व रखता है सुदामा प्रसंग के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण को चावल की पोटली भेट कर घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना कर श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



# महंत श्री के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़े नगरवासी, निकाली शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

सोमवार को प्रसिद्ध संत जमात मंदिर महंत श्री नंदराम दास खाकी पंचतत्व में विलीन हो गए। नगर में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उनकी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मंदिर श्री जमात से प्रारंभ होकर पाण्डव चौराहा, दीनाजी चौराहा, शिवजी चौक, डबलिया चौराहा, झॉली आश्रम, फूलबाग, चंपी चौराहा, छतरी चौराहा होती हुई पुनः मंदिर श्री जमात में जाकर समाप्त हुई। कई जनप्रतिनिधि और शिहर के गणमान्य नागरिक उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मंहत नंदराम दास खाकी का अंतिम संस्कार नगर में स्थित जमात मंदिर मे किया गया। उनकी अंतिम दर्शन यात्रा सुबह से ही लोग जुटने लगे थे उनका संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। उन्हें उनके उतरिधिकारी महंत दीपेंद्र दास ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में घी एवं चंदन की लकड़यों इस्तेमाल किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे संत एवं आम लोगों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है कि नगर मे गुरूदेव ब्रहमलीन होना नगर के लिए अपूर्णीय क्षति है। जैसे ही नगरवासियों को महंत जी के ब्रहमलीन की खबर मिली, पूरा नगर शोक संतृप्त हो गया था और गुरूदेव के अंतिम दर्शनों के लिए मंदिर श्री जमात में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी।

## महंत ओमकार दास को श्रद्धांजलि अर्पित की

**आरोन।** सोमवार को सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट की ओर से दिवंगत महान विभूति महंत श्रीश्री 1008 ओमकार दास को सनातन धर्मशाला में एकत्रित होकर महंतश्री के छायाचित्र पर तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके द्वारा सनातन धर्म के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख कर उनके द्वारा समय समय पर सनकादिक आश्रम पर किये गये धार्मिक कार्यों को याद कर उन्हें सभी उपस्थित जनसमुदाय ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपस्थित रहे सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के सचिव ओम प्रकाश बेंदेल, भगवान लाल शर्मा कोषाध्यक्ष, छगन लाल तिवारी,, सिंह भगत जी, रामस्वरूप नामदेव,हंस,राधेश्याम कसेरा, जगदीश बोहरे, रामवीर रघुवंशी, गुड्डा महाराज, रामस्वरूप शर्मा हर प्रसाद साहू आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।